# तीस करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण

**छपारा, देशबन्धु।** केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह की अध्यक्षता में केवलारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगर परिषद छपारा में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग अमृत 2.0 योजना अंतर्गत तीस करोड़ बत्तीस लाख एक हजार रुपए की राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया।

नगर परिषद छपारा में अमृत 2.0 अंतर्गत वॉटर सप्लाई योजना के निर्माण कार्य का भूमिपूजन। नगर परिषद छपारा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजनांतर्गत एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन। वार्ड क्र. 15 शिवाजी वार्ड, देवरीकलां में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन। निकाय क्षेत्रांतर्गत विसर्जन कुण्ड, पार्क, शौचालय, गेट, चैन फैसिंग, लाइटिंग एवं सीसी रोड निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन।

वार्ड क्र. 09 आजाद वार्ड, अंतर्गत नवनिर्मित पुल से झंडा चौक की ओर आरसीसी नाली निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन। अमृत 2.0 योजनांतर्गत वार्ड क्र. 14 हनुमान वार्ड में वॉटर बॉडी (तालाब) सौंदयीणकरण निर्माण कार्य का लोकार्पण।

7. अमृत 2.0 योजनांतर्गत वार्ड क्र. 04 तिलक वार्ड ऐरीकेशन में पॉर्क निर्माण कार्य



का लोकार्पण। वार्ड क्र. 03 शिवनगर वार्ड, चमारी तिगड्डा में शासकीय कन्या शाला के समीप सुलभ शौचालय निर्माण कार्य का लोकार्पण। कार्यक्रम समेत जनपद जनपद पंचायत छपारा के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम नगर परिषद छपारा के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात् सांसद मंडला फग्गन सिंह कुलस्ते, केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने फीता काटकर विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण किया। तदोपरांत केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने सभा के आयोजन में उपस्थित होकर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर परिषद छपारा निशा सुरेश पटेल, नप उपाध्यक्ष शिवकान्त सिंह, छपारा ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल, नगर परिषद पार्षद धर्मेंद्र जैन,, शिवनीता राजपूत, निर्मला ठकारिया, रामेश्वर बंजारा, सोनल चंदू श्रीवात्री, प्रीति सुरजीत सिंह, हेमलता अखिलेश सोनी, अहिल्या उइके, दिनेश उइके, शशि नागेश, गुलाब साहू, सिहाब मो. खान, नितिन जैन, चन्द्रशेखर श्रीवात्री, सुरजीत सिंह ठाकुर मौजूद थे।

## जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, 13 हजार बरामद

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** थाना गोटेगांव पुलिस ने मुरदई रोड क्षेत्र में जुए की सूचना पर दबिश देकर 4 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मौके से ताश की गड्डी और ?13,100 नकद जब्त किए गए।

वहीं, मौके से चार आरोपी भागने में सफल रहे। थाना गोटेगांव को लगातार मुरदई रोड के आसपास जुए की शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक गौरव नेमा, प्रधान आरक्षक सी.जी. पटले, आरक्षक प्रशांत और आरक्षक लक्ष्मण की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मौके से फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## दीवारों के बीच फंस कर गाय की मौत

**सौसर, देशबन्धु ।** नगर पालिका परिषद सौसर की उदासीनता और पशुपालकों की गैर पूर्ण लापरवाही ने एक बार फिर गौ माता की जान ले ली। शनिवार को सुबह सौसर नगर के सिविल लाईन वार्ड नंबर 13 के एक गली में अत्यंत दर्दनाक दृश्य सामने आया, जब एक गौ माता दो दीवारों के बीच बुरी तरह फंस गई। वह घंटों तक तड़पती रही, लेकिन समय पर मदद न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। यह दृश्य न केवल पीड़ादायक था, बल्कि नगर प्रशासन की असंवेदनशीलता और कर्तव्यहीनता पर भी सवाल खड़े करता है।



नगर में आवारा पशुओं की समस्या कोई नई नहीं है। आए दिन राष्ट्रीय राजमार्ग, तिराहा चौक, मुख्य बाज़ार से लेकर आवासीय इलाकों तक में आवारा गायों और बैलों का झुंड देखा जा सकता है। ये न केवल ट्रैफिक में बाधा बनते हैं, बल्कि कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन चुके हैं। कुछ हादसों में तो नागरिकों की जान भी जा चुकी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन गौ माता की सुरक्षा और आवारा पशुओं की व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। कुछ दिन कार्रवाई होती है, फिर सब जस का तस हो जाता है।

यदि नगर पालिका समय रहते आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखने की जिम्मेदारी निभाए, तो इस तरह की मौतें रोकी जा सकती हैं। वहीं, यह भी आवश्यक है कि पशुपालक अपनी जिम्मेदारियों को समझें और अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें।

आज की घटना ने एक बार फिर नगर पालिका की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है। सवाल यह है कि आखिर ऐसी घटनाओं का जिम्मेदार कौन है। नगर प्रशासन या वे पशुपालक जो मूक जानवरों को सड़कों पर छोड़ देते हैं?

जनता की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन अविलंब आवारा पशुओं की समस्या को लेकर ठोस योजना बनाए, स्थायी समाधान लागू करे और जिम्मेदार पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी गौ माता को इस तरह तड़प-तड़प कर जान न गंवानी पड़े।

## सार-समाचार

### चढ़ार समाज की बैठक आज

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** आज 22 जून 2025 सुबह 11 बजे स्थान मां नर्मदा मंदिर मुआर घाट में हाकम सिंह चढ़ार पूर्व विधायक गोटेगांव के मार्गदर्शन एवं समाज के सम्मानीय जनो के द्वारा और सर्व चढ़ार समाज की सहमति से बैठक रखी गई है। जिसमें जिला, तहसील, गांव के सभी वरिष्ठ और युवा साथियों एवं समस्त चढ़ार समाज से विनम्र निवेदन है कि आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो और बैठक को सफल बनाये। सर्व चढ़ार समाज गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने सभी स्वजातीय बंधुओं से इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### स्थानांतरण पर जयप्रकाश रजक को दी विदाई



**पीपला नारायणवार, देशबन्धु ।** सीएमओ जयप्रकाश रजक सर के ट्रांसफर पर नगर परिषद के अन्य अधिकारी-कर्मचारी समेत अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों ने शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी। श्री रजक सर ने कहा कि नगर परिषद पीपला नगर में सीएमओ के पद पर जयप्रकाश रजक तीन वर्ष तक क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम किया। यही नहीं,समस्या के निराकरण के साथ ही वार्डों की मूलभूत समस्याओं को भी समाधान करने सक्रिय रहे। नगर अध्यक्ष अरुणा कैलाश चौधरी एवं नगर परिषद अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सीएमओ सर को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वस्थ्य एवं उज्वल भविष्य विदाई कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष अरुणा कैलाश चौधरी उपाध्यक्ष आरती प्रवीण लामसे पार्षद वामन चौधरी अरुण लाडसे हीरामन गजभिए हुतेश बालपांडे एवं महिला पाषर्द नगर परिषद कर्मचारी देवेंद्र धुर्वे, सारिका चेडगे, निशा गुप्ता, शुभांगी लवाले, विजय वनकर, शिवराज चंद्रिकापुरे, नीरज श्रीवास्तव, रमेश गायकवाड, विनोद माड़ोगड़े एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

### अवैध रूप से ब्राडेंड कंपनी के नाम पर धान-बीज की पैकेजिंग करने वाले पर एफआईआर दर्ज

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के निर्देशानुसार विगत 19 जून को कृषि विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम सालीवाड़ा तहसील केवलारी जिला सिवनी में शर्मा राइस मिल सालीवाड़ा में ब्रांडेड बीज कंपनी के नाम से अवैध रूप से मिसब्रांडिंग कर धान की ग्रेडिंग एवं पैकिंग कर बीज के रूप में तैयार कर तथा अवैध तरीके से लाभ कमाने के उद्देश्य से भंडारित करते पाए जाने पर संबंधित राइस मिल के संचालक नीरज शर्मा निवासी नैनपुर के विरुद्ध थाना केवलारी में एफआईआर दर्ज किया गया।

# योग से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बेहतर : साक्षी शुक्ला



### सिविल कोर्ट में योग दिवस मनाया गया

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस सिविल कोर्ट गोटेगांव में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस सिविल कोर्ट गोटेगावँ में सुश्री साक्षी शुक्ला न्यायलय मजिस्ट्रेट सिविल कोर्ट गोटेगावँ के मुख्य अतिथि एवं पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी श्रीमति दुर्गा आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया।

जिसमे योगाचार्य पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य दृारा प्रोटोकॉल के अनुसार प्राथना सूक्ष्म व्यायाम वृक्षासन त्रिकोण आसन तथा पेट के बल लेटकर करने बाले आसन राघवेंद्र आर्य ने कपाल भाति अनोलोम विलोम सीतली प्रणायाम उदगीत प्रणायाम के भी लाभ बताए ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री साक्षी शुक्ला न्यायिलय मजिस्ट्रेट ने बताया कि योग से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनता है यह हमारे ऋषि मुनियों की प्राचीन धरोहर है जब जागो तभी सबेरा समिति के लोगों की सराहना व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया कार्यक्रम के बाद सभी अधिवक्ता संघ के दृारा आभार व्यक्त किया।

### श्री देव मुरलीधर विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नरसिंहपुर जिले की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



**बताया योग का महत्व** - योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं, एन सी सी कैडिट्स एवं स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान सचिव बी डी सोनी ने कहा कि हमें अपनी प्राचीन परंपरा का अनुसरण करते हुए प्रतिदिन योग करना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य शरीर ही सबसे बड़ा धन है, प्रभारी प्राचार्य संदीप जैन ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भावरी, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योगासन सभी को बहुत अच्छे तरीके से कराये प्राचार्य शिव शंकर पाठक ने कहा योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इससे जहां बीमारियां नहीं होती हैं, वहीं व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है।

**योग को लेकर किया जागरूक** - छात्र - छात्राओं को योग का महत्व एवं योग से होने वाले लाभ को लेकर उन्हें जागरूक भी किया गया। छात्र - छात्राओं को बताया गया कि योग अभ्यास जीवन में क्यों जरूरी है।

प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास जरूर करना चाहिए। इससे वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं।

योगा जहां व्यक्ति को फिट रखता है तो वहीं कई ऐसी बीमारियां भी हैं जो सिर्फ योगाभ्यास करने से ही दूर हो जाती हैं। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति की ओर से सचिव बी डी सोनी एवं संस्था प्राचार्य शिवशंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा, प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा,वरिष्ठ शिक्षक मनोहर शर्मा, देवेश जोशी, विष्णु दीक्षित, धमेंद्र यादव, राकेश नेमा, अक्षय दुबे, कमला गुप्ता, मिथिलेश नामदेव, एन सी सी ऑफिसर सुधीर राजपूत, पीटीआई उमाकांत सिंह राजपूत, राहुल नामदेव, एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ भी मौजूद रहे।

## स्वस्थ रहने के लिए योग करना जरूरी : सरदार सिंह

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** भारत सरकार एवं म.प्र.शासन के निर्देशानुसार शनिवार को प्रात: 6ः10 बजे से 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सी.एम राइस विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी, अभिषेक पटेल मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, नायब तहसीलदार चौकसे, दीपक सोनी, सीमा गुप्ता ,भावना कृपलानी, बलवंत ठाकुर, अभिषेक सोनी, ओम दुबे एवं अन्य अतिथियों ने सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प समर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री पटेल ने इस अवसर पर योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में एवं खान-पान के तरीकों पर नियंत्रण रखते विभिन्न टिप्स बताएं इस अवसर पर प्राचार्य एस के सिसोदिया एन एस एस स्वयंसेवक, एन सी सी कैडेट्स, कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार नाहर, एन सी सी अधिकारी मनोज जैन एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## योग कार्यक्रम आयोजित

**चौरई,देशबन्धु ।** विश्व योग दिवस पर कला एवं वाणी महाविद्यालय चौरई में प्राचार्य डॉक्टर एन के शुक्ला के संरक्षण में योग एवं प्राणायाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डी के पालीवाल द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओं के साथ सूर्य नमस्कार की प्रक्रिया द्वारा योग एवं स्वास्थ्य लाभ पर अपना उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में डॉ यू के शुक्ला मनीष सिन्हा एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट जितेंद्र रघुवंशी एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी आर आर सनोदिया एस आर वर्मा विनय सेंगर अतुल श्रीवास्तव जितेंद्र ठाकुर एन सी सी तथा एन एस एस के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ एन के शुक्ला द्वारा योग एवं स्वास्थ्य पर विचार व्यक्त किए गए।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 22 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र-रोहणी।**

मेष - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आपके घर में मित्र और सगे सम्बंधियों के आने से माहौल खुशनुमा होगा। किसी उपहार के मिलने से आपको खुशी होगी। आप आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

वृषभ - आज कोई भी निर्णय लेने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी के साथ भी गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक अस्वस्थता आपके मन को उदास कर देगी। परिवार में मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

मिथुन - आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके उल्लास में दोगुनी वृद्धि होगी। पत्नी एवं बेटे की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा। (क.689-770)

कर्क - नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी।

सिंह - सुस्ती के कारण आपके काम करने की गति मंद पड़ जाएगी। पेट की तकलीफ आपको परेशान करेगी। काम में विरोधी बाधा डाल सकते हैं। आज ऑफिस में अधिकारियों से थोड़ी दूरी रखना बेहतर होगा।

कन्या - आज वाणी पर संयम रखें और किसी नए काम का प्रारंभ न करें। क्रोध एवं आवेश के कारण बातचीत में नुकसान हो सकता है। परिवार एवं मित्रों के साथ भी वाद-विवाद हो सकता है।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती और मनोरंजन के साथ व्यतीत होगा। किसी नए व्यक्ति के साथ आकर्षण महसूस होगा और उनके साथ आपको प्रसन्नता मिलेगी। प्रवास में मित्रों और प्रियजनों का साथ आपके आनंद को दोगुना कर देगा।

वृश्चिक - परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे।

धनु - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की जरूरत है। पेट संबंधित बीमारियों से परेशानी होगी। किसी भी काम में सफलता न मिलने से निराशा हो सकती है। साहित्य या अन्य किसी सृजनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी।

मकर - आज आपकी मन:स्थिति और स्वास्थ्य कुछ अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न रहेगा। शरीर में ताजगी एवं प्रफुल्लता का अभाव रहेगा। अपनों से मनमुटाव का प्रसंग हो सकता है।

कुंभ - मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

मीन - अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी के साथ संघर्ष हो सकता है। वित्तीय मामले और लेन-देन में सावधानी रखनी पड़ेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। मन पर नकारात्मकता हावी होगी। (मा.668-559)

3,6,8,9,34,69,85,90,42,93,59,07

## स्थाई शिक्षा समिति की बैठक

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** जनपद सभा कक्ष में शिक्षा स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर जर्जर शाला भवनों की सूची एवं डिस्मेंटल के संबंध में जानकारी।. नवीन स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों की जानकारी। नवीन शाला भवनों की आवश्कता है की जानकारी।विकास खण्ड में संलग्नीकरण शिक्षकों की सूची तथा मूल शाला में वापसी के संबंध में जानकारी मुख्यालय पर न रहने वाले शिक्षकों की जानकारी, शून्य शिक्षकीय शालाओं की सूची एवं अतिशेष शिक्षकों की जानकारी, वर्ष 2024-25 में भर्ती हुये नवीन अतिथि शिक्षक एवं पुराने अतिथि शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता एवं बी.एड./डी.एड. की जानकारी। अतिथि शिक्षक रहते हुये बी.एड./डी.एड. उत्तीर्ण करने वाले अतिथि शिक्षकों की जानकारी।10 वर्षों से एक की संस्था में कार्यरत शिक्षक / कर्मचारी की सूची एवं उनके स्थानांतरण केसंबंध में जानकारी। वर्ष 2024-25 में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वी एवं 12वी में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्रदान करने वाले प्राचार्यों का सम्मान करना।



वर्ष 2024-25 में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वी एवं 12वी में जिला, संभाग एवं प्रदेश में टॉप करने वाले विद्यार्थी, जेईई एवं एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करना। इस अवसर पर शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी सदस्य मंगलू यदुवंशी यदुवंशी सदस्य प्रेमवती परतेती सदस्य दिनेश इवनाती एवं 39 शालाओ के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे ।

# चौरई में योग की पाठशाला का आयोजन



**चौरई, देशबन्धु।** नगर के अन्नपूर्णा लान मे आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार के हिम्मत सिंह बघेल द्वारा योग की क्रियाएं संपन्न कराई गई एवं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग कितना आवश्यक है के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों से नियमित योग कर शरीर को स्वस्थ रखने अपील की गई । नगर के ही शिक्षक श्याम राव पोरगड़े द्वारा सूर्य नमस्कार भी सिखाया गया कार्यक्रम मे नगर मंडल अध्यक्ष द्वारा सक्षिप्त सम्बोधन मे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस विश्व व्यापी योग कार्यक्रम के बारे मे सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई कार्यक्रम पश्चात पोस्टिक स्वल्पआहार की व्यवस्था भी की गई थी ।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, छिंदवाड़ा से आए प्रभारी योगेंद्र राणा विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा,चंद्रभान सोनी कार्यक्रम सयोजक बंटू चौहान सह सयोजक आनंद चौरसिया,शिवराम वर्मा राजीव सोनी, नीलू निर्मलकर सुरेश शर्मा दीपक वर्मा रितु चौरसिया, पप्पू सोनी, राजवंश ठाकुर,हरी राय सहित समस्त भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे साथ ही मीडिया से श्याम चौरसिया, भुजेन्द्र शर्मा, अजय सेन, विनोद पाल उपस्थित रहे ।